**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 17.10.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया से अपील की कि वो समस्याओं का समाधान युद्ध में ढूंढने की बजाय भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में ढूंढें।**
- **प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन की प्रकिया शुरू होगी।**
- **जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से 27वां लोक रंग महोत्सव आयोजित किया जाएगा।**
- **राज्य में न्यूनतम तापमान में गिरावट से कई स्थानों पर हल्की ठण्ड का एहसास।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाषा, साहित्य, कला और आध्यात्मिकता जैसे सांस्कृतिक स्तंभ किसी भी देश की पहचान बनाते हैं। आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया से अपील की कि वो समस्याओं का समाधान युद्ध में ढूंढने की बजाय भगवान बुद्ध की शिक्षाओं में ढूंढे जो शांति का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

.....................................

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं का आह्वान किया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपनी संस्कृति और मूल्यों पर गर्व करें। पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के सरकार के निर्णय पर श्री मोदी ने कहा कि भाषाएं केवल वार्तालाप का माध्यम नहीं है बल्कि सभ्यता और संस्कृति की आत्मा भी हैं। श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है और इसलिए इस वर्ष का अभिधम्म दिवस का आयोजन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा घोषित करना भगवान बुद्ध की महान विरासत के प्रति सम्मान है।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ0 एल मुरुगन ने कहा है कि लोगों तक सही सूचना और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रसारण करना प्रसारकों की एक बड़ी जिम्मेदारी है। डॉ0 मुरुगन आज नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस में प्रसारण क्षेत्र में उभरते साधनों और प्रौद्योगिकियों पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने भविष्य के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के महत्व और प्रसारण की परिवर्तनकारी शक्ति का उल्लेख किया। श्री मुरुगन ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने हाल ही में 234 शहरों में 730 नये प्राइवेट रेडियो चैनल स्थापित करने की मंजूरी दी है। डॉक्टर मुरुगन ने सभी के लिए उच्च गुणवत्ता की मीडिया सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करने तथा आर्थिक विकास में प्रसारण क्षेत्र की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के प्रयोग की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके साथ ही इन उपचुनावों के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी, जो 25 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी और 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को होगा और मतगणना 23 नवम्बर को होगी। राज्य में झुंझुनूं, रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों को अपने प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी अपनी बेबसाइट, टीवी चैनल्स, राष्ट्रीय और स्थानीय

समाचार पत्रों में कम से कम तीन बार प्रकाशित या प्रसारित करवानी होगी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए इन विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख 36 हजार से ज्यादा मतदाताओं के लिए 1 हजार 862 मतदान केंद्र और 53 सहायक मतदान केंद्र बनाये जाएंगे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण भगवान श्री राम की दिव्य गाथा के साथ मानव समाज को एक अमूल्य उपहार है। राष्ट्रपति ने लोगों से आदि कवि द्वारा दिखाये गये आदर्शों की राह पर चलने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मिकी का ज्ञान, करूणा, सत्य और धर्म का संदेश सभी के लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी के महान विचार करोड़ों लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। श्री मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी ने सकारात्मक सोच पर बल दिया और सेवा तथा मानवीय सम्मान को महत्व दिया। प्रदेश में वाल्मीकी जयंती पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। पाली में इस मौके पर बांडी नदी के किनारे स्थित वाल्मीकि समाज भवन में महर्षि के चित्र पर फूल चढाये गये। शाम को वहां भजन संध्या आयोजित की जा रही है। भरतपुर में वाल्मीकि जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई जा रही है। इस दौरान शहर में कई स्थानों पर भण्डारें भी लगाये गए जहां श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। वाल्मीकि समाज की ओर से कला मन्दिर से वाल्मीकि भगवान की शोभायात्रा निकाली गई।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से 27वां लोकरंग महोत्सव शुरू होगा। लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर 11 दिन का ये महोत्सव 28 अक्टूबर चलेगा। महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला आयोजित होगा। 24 राज्यों के लगभग 4 हजार कलाकार इस महोत्सव का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शिल्पग्राम में कल सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण गैर कृषि विकास अभिकरण—रूडा के सहयोग से मेले में 100 से अधिक हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की स्टॉल्स लगेंगी। इनमें पुरस्कार प्राप्त दस्तकारों के उत्पाद भी शामिल हैं। इस दौरान विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाये जाएंगे।

000

जयपुर दिवस समारोह के महीनेभर चलने वाले आयोजन कल से शुरू हो रहे हैं। समारोह में नगर निगम हेरिटेज की ओर से अगले एक महीने तक हर दिन अलग—अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में देश के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ प्रदेश के कलाकार प्रस्तुति देंगे। जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस के समारोह की शुरुआत सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजन के साथ होगी। उन्होंने बताया कि इस बार समारोह के अंतर्गत राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कई आयोजन किए जाएंगे। जिसमें राजस्थानी कार्यक्रम, सूफी कार्यक्रम, हेरिटेज वॉक, कत्थक नृत्य और बॉक्स क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को जल महल की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगी।

22 अक्टूबर को बड़ी चौपड़ पर कव्वाली कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ ही, बॉलीवुड नाइट, भजन संध्या और कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के ख्यातनाम कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

0000

स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी विभाग का राइजिंग राजस्थान प्रि—समिट 6 नवम्बर को जयपुर में आयोजित होगा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में प्रि—समिट की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय रखते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के निर्देश दिए।

000

दृष्टिबाधित लोगों के लिए आयोजित 32वीं अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता कल से जयपुर में शुरू हो रही है। अनुराग संगीत संस्थान की ओर से हो रही इस प्रतियोगिता में देशभर से ढाई सौ दृष्टिबाधित कलाकार भाग लेंगे। संस्थान के संस्थापक और सचिव डॉ. अजीत कुमार जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल राउंड 20 अक्टूबर को होगा।

000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में उतार–चढ़ाव जारी है। न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ कई स्थानों पर रात के समय हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। बीती रात सीकर, चित्तोड़गढ, डबोक, चूरू, संगरिया में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हालांकि अभी भी कई जिलों में रात और दिन का तापमान दो से तीन डिग्री उपर दर्ज किया जा रहा है।

बीते 24 घंटे में दिन के तापमान में मामूली बढोतरी दर्ज की गयी है। बीकानेर के कुछ स्थानों पर आज हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में अगले चार दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में उतार चढाव का दौर जारी रहने की संभावना है।

000

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार देश में एक मजबूत खेल ढांचा तैयार कर रही है जो न केवल खिलाडियों को आगे बढाएगा बल्कि वैश्विक खेल मंच पर देश की स्थिति को भी मजबूत करेगा। वे आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे पर विचार के लिये हुई बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य एथलीट–केंद्रित संघों को सशक्त बनाना, सुरक्षित खेल नीति पेश करना और एक अपीलीय खेल न्यायाधिकरण की स्थापना करना है। बैठक में भारतीय ओलंपिक संघ, राष्ट्रीय खेल महासंघों और राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

000

जोधपुर में 21 से 27 अक्टूबर तक संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा घर पर तैयार घरेलू उत्पाद, खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक फरसाराम बिश्नोई ने बताया कि संभाग स्तरीय अमृता हाट में जोधपुर जिले समेत राज्य के विभिन्न जिलों के स्वयं सहायता समूह द्वारा करीब 80 स्टॉल्स लगाई जाएगी।

000

केकड़ी में आज प्रतिभावान छात्र–छात्राओं के लिये टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 528 मेधावी छात्र–छात्राओं को टेबलेट दिये गये। सबसे ज्यादा 260 टेबलेट केकड़ी ब्लॉक के विद्यार्थियों को दिये गये हैं।

000